पंजीयन क्रमांक KSRICA/66/2014

पेंशन बख्शीश नहीं अधिकार है

# भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ

जिला शाखा – कोरिया (छत्तीसगढ़)


प्रधान-कार्यालय
एम्स के पास, मारुति इनक्लेव मार्ग,
टाटीबंध, रायपुर, छत्तीसगढ़

वीरेन्द्र नामदेव
प्रांताध्यक्ष
मो.: 9826111421, 9425214421
ईमेल: namdeovk11@gmail.com



संरक्षक
डॉ. अरविन्द नारायण सिंह
9926116175
श्री अखिलेश चंद्र गुप्ता
9425580963

जिलाध्यक्ष
श्री प्रेम चन्द्र गुप्ता
9406095585

जिला सचिव
श्री घनश्याम जायसवाल
8319348070

कोषाध्यक्ष
श्री बीरबल राजवाड़े
9340359721

उपाध्यक्ष
श्री प्रभात सिन्हा
8319119353
श्री दीपक राजदान
9131923572

संगठन मंत्री
श्री एस. के. द्विवेदी
9424264308

जिला कार्यकारिणी सदस्य
श्री के. डी. त्रिपाठी
श्री गुरु प्रसाद दुबे
श्री रामकुमार राजवाड़े
श्री व्ही. डी. दुबे
श्री अनिरुद्ध शर्मा
श्री उमेश्वर सिंह
श्री संतलाल राजवाड़े


क्रमांक : 14/

बैकुंठपुर
दिनांक : 17/8/2026.

प्रति,

कलेक्टर महोदय,
जिला कोरिया छ0ग0

विषय :– जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर में वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनर्स के लिए "सियान सदन "(Senior Citizens welfare & Activity Centre) की स्थापना किए जाने के संबंध में अनुरोध पत्र।

महोदय,

"सियान सदन "(Senior Citizens welfare & Activity Centre) की स्थापना आवश्यक क्यों है ? :

अनेक वरिष्ठ नागरिकों के बच्चे रोजगार अथवा अन्य कारणों से अन्यत्र दूसरे शहरों में रहतें हैं और जीवन के इस संध्याकाल में उन्हें एकाकी जीवन जीने विवश होना पड़ता है। ऐसे में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सामाजिक सम्पर्क, मानसिक सक्रियता,स्वास्थ्य जागरूकता एवं आत्मीय वातावरण का होना अत्यंत आवश्यक है।

**"सियान–सदन"** –वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक सम्मानजनक अपना घर होगा – वरिष्ठ नागरिकों के मिलन, संवाद, स्वास्थ्य, ज्ञान, मनोरंजन, सामाजिक सहभागिता एवं अनुभवों का आदान–प्रदान केन्द्र बन सकेगा। **"सियान–सदन"** में निम्नानुसार सुविधाएँ उपलब्ध कराए जाने की अपेक्षा हैं–

- वरिष्ठ नागरिक मिलन एवं बैठक कक्ष
- वाचनालय एवं पुस्तकालय–
- योग एवं स्वास्थ्य केन्द्र




Deepak Razdan
17 August 2026 7:34 pm

- मनोरंजन एवं इनडोर खेल सुविधा
- पेंशन एवं वरिष्ठ नागरिक सहायता डेस्क– इत्यादि।

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला कोरिया छ0ग0 की ओर से प्रस्तुत प्रस्ताव के क्रियान्वयन एवं सदन की स्थापना हेतु निम्नानुसार विनम्र सुझाव प्रस्तुत है :

यदि नवीन भवन का निर्माण उच्च स्तरीय प्रशासनिक अनुमति के अभाव में तत्काल सम्भव न हो सके तो, प्रारंभिक रूप से किसी भी उपयुक्त स्थान पर उपलब्ध शासकीय भवन, सामुदायिक भवन अथवा अन्य उपयुक्त सार्वजनिक परिसर को आवश्यक मरम्मत एवं सुविधाओं के साथ प्रस्तावित सियान–सदन के रूप में विकसित किया जा सकता है। जिस हेतु संघ की ओर से निवेदन है कि श्रीमान् द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु आवश्यक प्रयास किया जाए।

महोदय हमारा विनम्र सुझाव है कि जिन वरिष्ठ नागरिकों ने अपने जीवन का स्वर्णिम काल समाज और शासन–प्रशासन की सेवा में लगाया है, **उन्हें अपने जीवन के इस चरण में मात्र पेंशन या आर्थिक सुरक्षा ही नहीं बल्कि सम्मान, सहभागिता और सक्रिय जीवन के अवसर भी चाहिए।**

महोदय, भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की जिला शाखा कोरिया द्वारा इस प्रस्ताव की एक प्रति माननीय जिला कलेक्टर कोरिया के समक्ष भी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत की जा चुकी है। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ से जुड़े सभी पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिकों को पूर्ण विश्वास है कि, आपके कुशल नेतृत्व में जिला प्रशासन, एवं राज्य शासन हमारे द्वारा प्रस्तुत इस प्रस्ताव को लोकहित की दृष्टि से देखते हुए वरीयता एवं प्राथमिकता प्रदान करेगा तथा इस प्रस्ताव पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही व विचार कर हमारी इस मांग को यथाशीघ्र पूर्ण करने की कृपा की जाएगी।

भवदीय

अध्यक्ष

**भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ**

**जिला कोरिया छ0ग0**

प्रतिलिपि –मीडिया प्रभारी.........................................बैकुण्ठपुर .की ओर प्रकाशनार्थ।

Deepak Razdan
17 August 2026 7:35 pm